Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding establishment of a Sainik School in Kaimur or Rohtas District in Bihar

****श्री छेदी पासवान (सासाराम)**: धन्यवाद सभापति महोदय ।

महोदय, बिहार राज्य के कैमूर जिले के अधौरा प्रखण्ड अथवा रोहतास जिले के नौहट्टा प्रखण्ड में एक सैनिक स्कूल की स्थापना करने का मेरा निवेदन है ।

महोदय, मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सासाराम, बिहार के रोहतास एवं कैमूर जिले सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक एवं आवागमन के दृष्टिकोण से बिहार, झारखण्ड, मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश से निकट होने के कारण उपयुक्त एवं प्रासंगिक हैं, जहां सरकार की नई उम्मीदों को अवसर में बदलने के लिए एक सैनिक स्कूल की स्थापना की अपेक्षा है, जिससे संभावनाशील प्रतिभाओं को श्रेष्ठ नागरिक बनने का अवसर प्राप्त हो सके ।

अत: विशेष आग्रह है कि कैमूर जिले के अधौरा प्रखण्ड अथवा रोहतास जिले के नौहट्टा प्रखण्ड में एक सैनिक स्कूल की स्थापना करने हेतु सदन के माध्यम से संबंधित निर्देश देने की कृपा करें । बहुत-बहुत धन्यवाद ।